सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

24 मार्च, 2021

श्री जयंत राज, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, पुल स्थल के अप स्ट्रीम में 1 कि0मी0 और डाउनस्ट्रीम में भी एक किलोमीटर में पुल अवस्थित है महोदय, अभी कोई निर्माणाधीन का कोई प्रस्ताव विभाग के पास नहीं है ।

श्री कृष्णनंदन पासवान : अध्यक्ष महोदय, एक बार जॉच करवा लिया जाय ।

अध्यक्ष : मंत्री जी, जॉच करवा ली जाय ।

श्री कृष्णनंदन पासवान : 60 कि.मी. की दूरी पर वह पुल है, इनको रिपोर्ट आयी है कि 1 कि0मी0 की दूरी पर पुल है ।

अध्यक्ष : आप देखवा लीजिये ।

श्री जयंत राज, मंत्री : ठीक है ।

श्री कृष्णनंदन पासवान : कैसा कैसा जवाब मंत्री जी आप देते हैं, आप इसको देखवाईये ।

श्रीमकी शालिनी मिश्रा : अध्यक्ष महोदय, मेरे एरिया का भी एक सवाल है ।..

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, प्रश्न करते हैं या पूरक प्रश्न करते हैं तो कुछ एक्सट्रा शब्द बोलने से सदन की गरिमा नहीं बढ़ती है, न आपकी गरिमा बढ़ती है, पूरक प्रश्न पूछें, पूरक प्रश्न के माध्यम से हम विभाग को घेरें ।

टर्न-5/पुलकित-अभिनीत/24.03.2021

अध्यक्ष: श्री रितलाल राय ।

तारांकित प्रश्न संख्या- 2894 (श्री रितलाल राय, क्षेत्र सं0-186, दानापुर)

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न संख्या- 2895 (श्री चन्द्र शेखर, क्षेत्र सं0- 73 मधेपुरा)

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न संख्या- 2896 (श्री आनंद शंकर सिंह (क्षेत्र सं0- 223, औरंगाबाद)

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न संख्या- 2897 (श्री अचमित ऋषिदेव, क्षेत्र सं0- 47 रानीगंज (अ0जा0))

अध्यक्ष: श्री अचमित ऋषिदेव, प्रश्न पूछे हैं न ? आप उठकर बोलिए ।

श्री अचमित ऋषिदेव: जी । पूछता हूं ।

अध्यक्ष: माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग ।

श्री जयंत राज, मंत्री: महोदय, वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के आरेखन पर अवस्थित योग्य बसावटों यथा- खरसाही टोला- उक्त बसावट की संपर्कता शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनांतर्गत निर्मित रानीगंज-फारबिसगंज मुख्य पथ हसनपुर मिडिल स्कूल तक पथ से प्राप्त है । जगता टोला- उक्त बसावट की संपर्कता शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित बिस्टोरिया से जगता पथ से प्राप्त है । कुरियाही मुशहरी टोला- उक्त बसावट की